卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 137 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦22 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# युवा शक्ति ही विकसित उत्तराखंड का आधार:धामी

## सम्मान पुरस्कार छात्रवृत्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने मेधावियों को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सेवक सदन में रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में शिक्षा विभाग द्वारा सम्मान, पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत संस्कृत के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बालिकाओं के प्रोत्साहन हेतु 'गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति' तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रवृत्ति' प्रदान की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों को केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि उन्हें स्वावलंबी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कारों का समावेश भी है। देवभूमि के बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़े रहकर आधुनिक विज्ञान और तकनीक में भी देश का नेतृत्व करें, यही हमारा लक्ष्य है।उन्होंने घोषणा की कि राज्य के मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि में निरंतर वृद्धि की जा रही है ताकि आर्थिक तंगी किसी भी प्रतिभा के मार्ग में बाधा न बने। उन्होंने मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना के सफल क्रियान्वयन पर संतोष जताया। सीएम ने कहा कि आज के छात्र ही वर्ष 2047 के उस विकसित भारत के निर्माता होंगे जिसका सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देखा है। उन्होंने छात्रों से श्विकल्प रहित संकल्पश के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा की और कहा कि हर जिले में बेटियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब देवभूमि का कोई भी होनहार छात्र धन के अभाव में अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ेगा। मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत दी जा रही सहायता राशि को सीधे छात्रों के बैंक खातों में भेजा जा रहा है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। सीएम ने जोर दिया कि हमारी सरकार नई शिक्षा नीति के अनुरूप कौशल आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। विद्यालयों को केवल डिग्री देने वाले संस्थान के बजाय श्कौशल केंद्रश के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संकल्प को उत्तराखंड में धरातल पर उतारा गया है। उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेटियों को विशेष कोचिंग और वित्तीय मदद दी जा रही है। उन्होंने नकल विरोधी कानून का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में अब परीक्षाओं में धांधली के लिए कोई जगह नहीं है। मेधावी छात्रों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिले, इसके लिए देश का सबसे सख्त कानून उत्तराखंड में लागू है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दुर्गम क्षेत्रों के स्कूलों में 'वर्चुअल क्लास' और स्मार्ट लैब की स्थापना की जा रही है। डिजिटल गैप को खत्म करने के लिए छात्रों को मुफ्त टैबलेट और आधुनिक तकनीक से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे छात्रों के केवल मार्गदर्शक नहीं बल्कि उनके रोल मॉडल हैं। उन्होंने शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने और स्कूलों में अनुशासन बनाए रखने के लिए शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। सीएम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश के सबसे दूरस्थ गांव में बैठे अंतिम छात्र तक शिक्षा की लौ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति और पुरस्कारों की चयन प्रक्रिया को और अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाया जाए। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभाग की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड ने शिक्षा जगत में कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों को स्मार्ट क्लास से जोड़ा जा रहा है। अब गांव का बच्चा भी वही शिक्षा प्राप्त कर रहा है जो शहरों में उपलब्ध है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 7 पर)





# चौतरफा घिरे विधायक उमेश शर्मा ने मांगी माफी

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी के शिक्षा निदेशालय में शनिवार को हुई हाई वोल्टेज ड्रामे और अभद्रता की घटना के बाद चौतरफा दबाव झेल रहे रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने आखिरकार अपने व्यवहार पर खेद व्यक्त किया है।



विधायक ने रविवार को एक औपचारिक बयान जारी करते हुए घटना से संबंधित सभी पक्षों और अधिकारियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो कुछ भी हुआ वह जाने-अनजाने में हुआ और उनका इरादा किसी को अपमानित करने का नहीं था। अपने स्पष्टीकरण में विधायक उमेश शर्मा काऊ ने बताया कि वे अपने क्षेत्र के एक विद्यालय के लिए डेढ़ बीघा बेशकीमती जमीन दान देने वाले पद्म सिंह रावत के परिवार के साथ निदेशालय गए थे। उनकी मांग थी कि विद्यालय का नामकरण दानदाता के नाम पर किया जाए। विधायक के अनुसार, यह मामला काफी समय से लंबित चल रहा था, जिसके कारण बातचीत के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। उन्होंने दावा किया कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में वे स्थिति को संभालने और विवाद शांत कराने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन इसी बीच अनपेक्षित रूप से घटना घटित हो गई। विधायक ने अपने बयान में अधिकारियों और कर्मचारियों के (शेष पृष्ठ सात पर)

# संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार: आचार्य देशमुख

## 'सकल हिंदू समाज' के तत्वाधान में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को गदरपुर के डॉ. हेडगेवार पार्क में 'सकल हिंदू समाज' के तत्वावधान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस भव्य समागम में गदरपुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लेकर अपनी सांस्कृतिक एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मुख्य वक्ता आचार्य देशमुख वशिष्ठ, ब्रह्मकुमारी संस्थान से ज्योति और एकल विद्यालय के क्षेत्र संगठन मंत्री अरविंद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सबसे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।इसके पश्चात विभिन्न स्कूली बच्चों और कलाकारों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पंडाल में मौजूद लोगों को भावविभोर कर दिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता, सहारनपुर के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देशमुख वशिष्ठ ने अपने प्रेरणादायक (शेष पृष्ठ सात पर)





# नकली सर्फ एक्सेल बेचने की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची टीम से मारपीट, हंगामा

रुद्रपुर। नकली सर्फ एक्सेल डिटर्जेंट बेचे जाने की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची टीम के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बाजार में नकली सर्फ एक्सेल भेजे जाने के मामले में कोर्ट द्वारा नियुक्त कमिश्नर अपनी टीम के साथ सुविधा होटल वाली गली में स्थित अमन ट्रेडर्स पर पहुंचे। इस दौरान टीम ने दुकान में रखे सर्फ एक्सेल की जांच की और नकली पाए जाने पर सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों के विरोध के चलते मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। आरोप है कि व्यापारी के कर्मचारियों ने टीम के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। टीम का नेतृत्व कर रहे एडवोकेट हर्षवर्धन ने बताया कि वे कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए हैं और पुलिस टीम के साथ नोटिस तामील कराने के साथ-साथ माल की जांच करने पहुंचे थे। जांच के दौरान नकली सर्फ एक्सेल मिलने पर उन्होंने नियमानुसार कार्रवाई की, लेकिन व्यापारी के कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट कर दी।उन्होंने बताया कि टीम कोर्ट के आदेश का पालन करने पहुंची थी और उनके पास सर्च एवं सीजर (जब्ती) कार्रवाई की विधिवत अनुमति भी मौजूद है। सूचना मिलते ही व्यापारी नेता संजय जुनेजा मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का विरोध जताया। उन्होंने व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। घटना के बाद कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा।



# बेहड़ की टिप्पणी पर भड़का कोली समाज,फूंका पुतला

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा सुरेश कोली पर की गई टिप्पणी के बाद क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। विधायक के बयान से नाराज कोली समाज के सैकड़ों लोगों ने अखिल भारतीय कोली समाज के प्रदेश महामंत्री मुकेश कोली के नेतृत्व में डीडी चौक पर एकत्र होकर विधायक बेहड़ के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और आक्रोश के साथ उनका पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए मुकेश कोली ने विधायक बेहड़ के विरोधाभासी बयानों पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक तरफ विधायक हमारे साथी को अपराधी बता रहे हैं और दूसरी तरफ खुद स्वीकार कर रहे हैं कि उनकी पत्नी ने उन्हें छुपाया और पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कराया। उन्होंने सवाल किया कि यदि वह अपराधी था, तो एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के नाते आपने उसे कानून से क्यों बचाया? मुकेश कोली ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कोली समाज वह च्युइंगम है, जो अगर बालों में चिपक जाए तो मुंडन ही करवाना पड़ता है; अतः समाज को टारगेट करने की कोशिश न करें। मुकेश कोली ने आरोप लगाया कि विधायक बेहड़ का अहंकार उन्हें यह बर्दाश्त नहीं करने दे रहा कि ओबीसी और एससी समाज का कोई बेटा राजनीति में स्वतंत्र रूप से आगे बढ़े। उन्होंने कहा विधायक को यह हजम नहीं हो रहा कि सुरेश कोली की पत्नी मेयर कैसे बन गईं और वे विधायक के पीछे चलने के बजाय अपना अलग रास्ता कैसे बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि विधायक की भाषा किसी अनुभवी राजनेता की तरह (शेष पृष्ठ सात पर)



# 72वें तुलसी महायज्ञ में उमड़ा आस्था का सैलाब

## राम-भरत मिलाप की लीला देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु,भव्य शोभायात्रा के साथ गूंजा तुलसी धाम



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रतिष्ठित श्री तुलसी धाम में आयोजित 72वें तुलसी महायज्ञ के तीसरे दिन भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। धार्मिक अनुष्ठानों की कड़ी में शनिवार को 'राम-भरत मिलाप' की मर्मस्पर्शी कथा का सुंदर मंचन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को त्रेतायुग की याद दिला दी। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक बांगा और जिम्मी बांगा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस गौरवमयी क्षण में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और बांगा परिवार के सदस्यों ने भी सहभागिता की। महोत्सव के तीसरे दिन श्री तुलसी धाम कथा मंचन समिति के कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति से राम और भरत के अटूट प्रेम और आदर्शों को मंच पर उतारा। भाई-प्रेम की इस अद्भुत गाथा को देखकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक बांगा और जिम्मी बांगा ने समिति के सेवादारों के निस्वार्थ प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम



से समाज में प्रेम और सेवा का संदेश प्रसारित करना सराहनीय है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि तुलसी धाम की सेवा भावना अद्वितीय है और यहाँ के सदस्यों का आपसी प्रेम और समर्पण अनुकरणीय है। कार्यक्रम में गुरु महाराज ने अपने आशीर्वचनों से मानव जीवन के वास्तविक अर्थ को समझाया और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रुद्रपुर के प्रसिद्ध भजन गायक मास्टर बॉबी ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर मंत्रमुग्ध हो गया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। आयोजन के दौरान समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कथा मंचन से पूर्व दिन में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्री तुलसी धाम से गाजे-बाजे के साथ शुरू होकर पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए वापस धाम प्रांगण में संपन्न हुई। यात्रा का शुभारंभ बुजुर्गों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करने की प्राचीन परंपरा के साथ हुआ। शोभायात्रा जब श्याम लाल चावला और सुरेंद्र चावला के निवास पर पहुंची, तो चावला परिवार ने पुष्प वर्षा और भव्य स्वागत सत्कार के साथ संतों का अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान संत महापुरुषों ने सत्संग और प्रवचनों के माध्यम से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी पहुंचकर संत जनों के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने आयोजन की सराहना की। इस बीच रूद्रपुर बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल के नेतृत्व में पहुंचे साहिल आहूजा,सुमित सहगल, राजकुमार सीकरी, भुवनेश्वर अरोरा, तनिष्क सिकरी आदि ने गुरू महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर राजकुमार बांगा, इन्द्रजीत बांगा, अनिल बांगा, जिम्मी बांगा, सुमित छाबड़ा, प्रतीक छाबड़ा, सागर छाबड़ा, संचित नारंग, हार्दिक बांगा, सागर बांगा, गुरूदास बांगा, विपिन बांगा, रवि चावला, शिवा चावला, पुलकित चावला, हर्षित चावला, आकर्ष चावला, चन्द्रमोली चावला, कैलाश रानी, सीमा चावला, रानी चावला, सुमन चावला, सिमरन चावला, अदिति, स्नेहा, गीतिका, प्रणवी, शैंकी बांगा, भरत कुमार, राधाा बांगा, पारूल बांगा, मानसी छाबड़ा, अंजलि, शिवानी, श्रुति, सुनीता बांगा, ममता बांगा आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने दूध और दालों के नमूने लेकर शुरू की छापेमारी

## बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर लगेगा दस लाख तक का जुर्माना

हल्द्वानी/कालाढूंगी (उद संवाददाता)। आगामी होली और रमजान के त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आयुक्त खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन, उत्तराखंड तथा जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों पर शनिवार को विभाग की संयुक्त टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण और सैंपलिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों और मिलावट का धंधा करने वालों में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान के नेतृत्व में टीम ने सुबह नयागांव क्षेत्र में घेराबंदी कर दूध की आपूर्ति करने वाले एक दर्जन से अधिक वाहनों की जांच की। इस दौरान संदेह के आधार पर एक वाहन से दूध के दो नमूने लिए गए। इसके पश्चात टीम ने कालाढूंगी के मुख्य बाजार और चकलुआ क्षेत्र का रुख किया, जहाँ आधा दर्जन से अधिक मिठाई की दुकानों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय दाल सर्विलांस अभियान के तहत एक प्रतिष्ठान से दालों के दो नमूने भी भरे गए। इन सभी चार नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य एवं औषधि विश्लेषण प्रयोगशाला भेज दिया गया है।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे केवल गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का ही विक्रय करें। व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि बिना बिल के कोई भी खरीद न की जाए और स्टॉक का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज रखा जाए।



विभाग ने स्पष्ट किया कि एक्सपायरी डेट (कालातीत) वाली सामग्री का भंडारण या विक्रय करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आएगा। प्रतिष्ठान स्वामियों को अपने स्टोर की नियमित साफ-सफाई करने और कीट नियंत्रण के लिए दवाओं का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए गए।विभाग ने सभी खाद्य कारोबारियों के लिए एक अति महत्वपूर्ण चेतावनी भी जारी की है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी कारोबारी अनिवार्य रूप से अपनी सही श्रेणी (टर्नओवर के अनुसार) में लाइसेंस बनवाएं और उसे प्रतिष्ठान के डिस्प्ले बोर्ड पर स्पष्ट रूप से चस्पा करें। यदि कोई व्यापारी बिना लाइसेंस के कार्य करता पाया जाता है, तो एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 31(1) या 31(2) के तहत विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिसमें अधिकतम 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का कड़ा प्रावधान है।आयुक्त के निर्देश पर गठित संयुक्त टीमें अब प्रतिदिन जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी कर रही हैं, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट सीधे आयुक्त कार्यालय को भेजी जा रही है। अधिकारियों ने दोटूक कहा है कि त्योहारों के सीजन में जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगा।




# लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में 'हैप्पी हार्ट्स' की धूम

## नन्हे बच्चों ने अपनी मासूमियत से जीता सबका दिल, दादा-दादी और माता-पिता के साथ स्कूल ने मनाया खुशियों का उत्सव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर के प्रतिष्ठित लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में आयोजित हैप्पी हार्ट्स कार्यक्रम खुशियों और उमंगों के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष समारोह ने स्कूल के नन्हे बच्चों, उनके माता-पिता और दादा-दादी को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। प्लेग्रुप (लिली और ब्लू बेल्स) के छोटे बच्चों द्वारा दी गई मनोहारी प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन नन्हे कलाकारों के आत्मविश्वास, आकर्षक हाव-भाव और ऊर्जा ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती और सही मार्गदर्शन मिले तो नन्हे कदम भी मंच पर चमक बिखेर सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने आकर्षक नृत्यों, मनोरंजक कहानियों, कविताओं और लघु अभिनय के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों की खूब वाहवाही मिली। कार्यक्रम की सफलता में वाइस प्रिंसिपल सुश्री सिमरन पुरी के रचनात्मक और सजावटी विचारों का विशेष योगदान रहा, जिसकी प्रत्येक अभिभावक ने खुले मन से सराहना की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर आयुक्त सुश्री शिप्रा जोशी बच्चों के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित दिखीं और उन्होंने स्कूल के प्रयासों को सराहा।स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री गायत्री खन्ना ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए एक समावेशी माहौल तैयार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की और बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों और माता-पिता की कड़ी मेहनत को इस सफलता का श्रेय दिया। कार्यक्रम समन्वयक श्री लक्ष्य शर्मा ने स्कूल, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच समन्वय के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें सही आकार देना स्कूल की प्राथमिकता है। उन्होंने स्कूल की पोषणकारी वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। वरिष्ठ प्रशासक सुश्री परविंदर पुरी ने स्कूल की 25 वर्षों की शानदार यात्रा का उल्लेख करते हुए अभिभावकों और दादा-दादी के अमूल्य सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्कूल की निरंतर प्रगति और बच्चों की उपलब्धियां वर्षों के कड़े परिश्रम और समर्पण का परिणाम हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए मजेदार इंटरैक्टिव गेम्स भी आयोजित किए गए, जिससे वातावरण और भी खुशनुमा हो गया। कार्यक्रम का समापन उपहार वितरण के साथ हुआ, जो अभिभावकों के प्रति स्कूल के सम्मान का प्रतीक था। हैप्पी हार्ट्स कार्यक्रम ने एक बार फिर लिटिल किंगडम के समग्र और समृद्ध शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के संकल्प को सिद्ध किया।



# शिक्षा व सुरक्षा के नाम पर इस्लामिया स्कूल में फर्जीवाड़ा!

## आरटीई निधि में लाखों के गबन का मामला गरमाया, जांच शुरू अप्रशिक्षित व अयोग्य टीचर्स कर रहे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

काशीपुर। मोहल्ला काजीबाग स्थित इस्लामिया स्कूल में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) निधि के अंतर्गत हुए लाखों के गबन एवं अन्य अनियमिताओं की शिकायत पर गठित जांच टीम ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर गहन जांच पड़ताल करते हुए संबंधित अभिलेख तलब किए। जांच में पाया गया कि बच्चों को जर्जर भवन में जोखिम भरे माहौल में पढ़ाई के नाम पर उनके भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया गया कि मोहल्ला काजीबाग स्थित इस्लामिया स्कूल की स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होती जा रही है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा पर पड़ रहा है। विद्यालय भवन जर्जर होने के कारण कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है। गंदगी के कारण शौचालय उपयोग के




योग्य नहीं है। विद्यालय में साफ सफाई का अभाव है। आरोप है कि जिन शिक्षकों के भरोसे विद्यालय चलाया जा रहा है वह पूरी तरह अप्रशिक्षित व अयोग्य हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इस्लामिया स्कूल में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 6 तक की मान्यता नहीं दी गई है इसके बावजूद भी अवैध रूप से कक्षाएं संचालित की जा रही है। निर्धन बच्चों को मुफ्त शिक्षा दिए जाने के नाम पर सरकार द्वारा निर्गत की गई लाखों की धनराशि के बंदरबांट किए जाने का मामला गंभीर है। आरटीई निधि की वर्ष वार आडिट/जांच, पूर्व एवं वर्तमान प्रबंधक से समस्त अभिलेख बिल वाउचर एवं बैंक विवरण तलब करने पर स्थित और भी स्पष्ट हो जाएगी। जांच टीम में राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापपुर के प्रधानाचार्य दीपक कुमार गंगवार, राजकीय इंटर कॉलेज जोशी मझरा के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलजारपुर के प्रधानाध्यापक जसवंत सिंह व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुदामा लाल काशीपुर के प्रधनाध्यापक सुरेश सिंह शामिल रहे।

## आरोपों पर सुरेश सिंह ने दी प्रतिक्रिया, मामले को बताया गंभीर

काशीपुर। जांच टीम में शामिल सुरेश सिंह से जब प्रतिनिधि ने मोबाइल फोन पर इस बारे में बातचीत की तो उन्होंने बताया कि टीम द्वारा जांच कर ली गई है लेकिन जो दस्तावेज मिलने थे वह अभी नहीं मिले हैं। आरोपों के बाबत सुरेश सिंह ने बताया कि बच्चों की फीस होती है 170 रुपए कागजों में दर्शाई गई है 300 रुपए। इसी तरीके से कक्षा 1 से 8 तक बच्चों की स्कॉलरशिप के नाम पर 600 रुपए प्रति के हिसाब से लिए गए। जांच टीम द्वारा दस्तावेज मांगने पर अभिलेख देने का वादा किया गया। जांच टीम में शामिल सुरेश सिंह ने यह भी माना कि आरोपों में तमाम बातें सच है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन का एक कमरा पूरी तरह जर्जर है। साफ सफाई का अभाव है। मूलभूत सुविधाओं का टोटा है साथ ही सरकार व शासन के द्वारा शिक्षकों को रखने के लिए जो मानक दिए गए हैं उक्त विद्यालय में उसका दूर-दूर तक पता नहीं। सुरेश सिंह ने बताया कि सरकार के मानकों के अनुरूप विद्यालय में एक भी टीचर नहीं है।

## ई डी की जांच में हो सकता है बड़ा खुलासा

काशीपुर में वक्फ की संपत्ति में करोड़ों के फर्जीवाड़े का मामला मुख्यमंत्री समेत उधम सिंह नगर के डीएम, एसएसपी, अल्पसंख्यक समाज कल्याण अधिकारी व लोकायुक्त विभाग तक पहुंच चुका है। माना जा रहा है कि इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (प्रवर्तन निदेशालय) ई डी यदि इस पूरे मामले की जांच करती है तो चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि वक्फ की वेशकीमती संपत्तियों को कम कीमत पर किराए पर देने के अलावा अवैध रूप से बेंचने व फर्जी दस्तावेजों के सहारे बनाई गई संस्थाओं में ट्रांसफर किए जाने का मामला बेहद गंभीर है। विद्यालय के बिल वाउचर अन्य दस्तावेजों अभिलेखों की उच्च स्तरीय जांच में यह मामला पूरी तरह साफ हो सकता है और कई चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

# भूमि पर मालिकाना हक की मांग

खटीमा। भूमि पर मालिकाना हक देने की मांग को लेकर शनिवार को बग्गा चौवन क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन खटीमा तहसील में सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से वन ग्राम में निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें जमीन का स्वामित्व अधिकार नहीं मिल सका है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में यहां सैनिक, पूर्व सैनिक तथा उनके आश्रितों के लगभग 350 परिवार निवास कर रहे हैं। वर्षों से बसे होने के बावजूद



भूमि का मालिकाना हक न मिलने से वे मूलभूत सुविधाओं और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में इस गांव को राजस्व गांव घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने शासन से शीघ्र कार्रवाई कर भूमि अधिकार प्रदान करने तथा राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग की है।ज्ञापन देने वालों में मोहन सिंह चुफाल, धर्म सिंह दसौनी, रमेशलाल, प्रकाश कोहली, आलम सिंह रावत, विरेंद्र राम और त्रिलोक सिंह परिहार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स स्पर्धाओं में दिखाया दमखम

पंतनगर (उद संवाददाता)। राजकीय पॉलिटेक्निक पंतनगर के खेल मैदान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। शुक्रवार, प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं में बालक और बालिका वर्गों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। ट्रैक इवेंट्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 1500 मीटर की संस्थान के छात्र-छात्राओं ने न केवल अनुशासन का परिचय दिया, बल्कि भारी उत्साह के साथ प्रत्येक खेल में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन समारोह के दौरान मुख्य में टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल भी विकसित करते हैं। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को भी खेलों के प्रति प्रेरित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थान के





20 फरवरी को प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य विवेक गौतम द्वारा 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दो दिवसीय खेल महाकुंभ में तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दौड़ आयोजित की गई, जिसमें धावकों ने अपनी गति और स्टेमिना का परिचय दिया। वहीं, फील्ड इवेंट्स में शॉर्टपुट (गोला फेंक), जेवलिन थ्रो (भाला फेंक), लंबी कूद और ऊंची कूद जैसी स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता और तकनीक का लोहा मनवाया। अतिथि और संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विवेक गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये छात्रों शांतनु वर्मा, किशोर जोशी, ऋषिदेव राजभर, विनय कुमार, महेश गोस्वामी, नवीन आर्य, कुमारी कविता सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। खेल प्रभारी ने सफल आयोजन के लिए पूरे स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच परिसर में होगा भव्य कुमाऊंनी होली महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच ने अपने परिसर में इस वर्ष कुमाऊंनी होली महोत्सव के भव्य आयोजन की घोषणा की है। इस महोत्सव की मुख्य विशेषता महिलाओं के लिए आयोजित होने वाली होली प्रतियोगिता रहेगी, जो 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और पारंपरिक कुमाऊंनी होली के रंगों को जीवंत बनाए रखना है।प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीमों को 24 फरवरी तक अपनी प्रविष्टि जमा करनी होगी। प्रत्येक टीम को प्रदर्शन के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा, जिसमें स्वांग, गीत और नृत्य प्रस्तुत करने होंगे। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि एक टीम में अधिकतम 10 प्रतिभागी ही शामिल हो सकते हैं और निर्णायक मंडल का फैसला अंतिम होगा। महोत्सव के अन्य कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए खड़क सिंह बगड़वाल ने बताया कि 27 फरवरी को चीर बंधन व ध्वजारोहण होगा तथा 2 मार्च को होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आम जनता, कलाकारों और बच्चों से इस उत्सव में शामिल होकर लोक संस्कृति को बढ़ावा देने की अपील की है।

# खटीमा में महिलाओं की बैठकी होली की धूम

खटीमा। क्षेत्र में फागुन की मस्ती के साथ होली पर्व की रंगत गहराने लगी है। शनिवार को मयूर विहार स्थित जसौदा बोरा के आवास पर आयोजित बैठकी होली कार्यक्रम में महिला होल्यारों ने पारंपरिक होली गीतों, नृत्य और हंसी-ठिठोली के बीच उत्सव का उल्लास बिखेर दिया। महिलाओं ने "भागा रे भागा रे देखो नंदलाला", "राधा ने पकड़ा रंग डाला" सहित कुमाऊँनी व पारंपरिक फाग गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। ढोलक की थाप और तालियों की लय पर देर तक गीतों की स्वर लहरियां गूंजती रहीं। बैठकी होली के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में पारंपरिक व्यंजन और मिठाइयों का भी आनंद लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि मेल-मिलाप, सामाजिक एकता और पुरानी रूठन मिटाने का पर्व है। इस अवसर पर हीरा रावत, अंजू बिष्ट, अनु बिष्ट, नेहा बोरा, हेमंती रमोला, यशोदा देवी, महेश्वरी ज्याला, गीता देवी, नीलू सामंत और लीला सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कुमाऊँनी लोकसंस्कृति की झलक और सामुदायिक सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला।



# प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट ने विधायक कापड़ी पर जमीन विवाद पर सियासत करने का आरोप

खटीमा। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट ने खटीमा विधायक भुवन कापड़ी पर दो पक्षों के बीच चल रहे भूमि विवाद को जानबूझकर राजनीतिक मुद्दा बनाकर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया है। शनिवार को एक होटल में आयोजित वार्ता में भट्ट ने कहा कि यह विवाद पिछले छह सात वर्षों से चल रहा है, लेकिन विधायक द्वारा इसे तूल देकर क्षेत्र में अनावश्यक तनाव पैदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में इस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और दो लोग जेल भी जा चुके हैं। इसके बावजूद तथ्यों को नजरअंदाज कर एक पक्ष द्वारा वसीयत न्यायालय में पेश की गई, जिस पर तत्कालीन तहसीलदार ने संज्ञान लिया था। आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि जिन चार लोगों के नाम वसीयत दर्ज कराई गई, उनके मृत्यु प्रमाणपत्र लगाए गए थे, जबकि उनमें से एक व्यक्ति आज भी जीवित है। भट्ट ने आरोप लगाया कि इतने गंभीर तथ्यों के बावजूद विधायक इस मुद्दे पर भ्रामक बयान देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। भट्ट ने कहा कि विधायक कापड़ी लगातार सरकार पर आरोप लगाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं और ग्रामीणों की भावनाओं को भड़काने का काम कर रहे हैं। उनका आरोप है कि शुक्रवार को ग्रामीणों को बरगलाकर खटीमा लाया गया और उन्हें यह कहकर डराया गया कि उनकी भूमि छीन ली जाएगी। इससे क्षेत्र में भय और भ्रम का वातावरण बनाया गया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते विधायक को समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए, न कि लोगों को उकसाकर विवाद को बढ़ाना चाहिए। यदि किसी पक्ष को आपत्ति है तो न्यायालय का दरवाजा खुला है और न्यायालय का निर्णय ही अंतिम होगा। भट्ट ने चेतावनी दी कि भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करना सामाजिक सौहार्द के लिए घातक है और जनता अब भड़काऊ राजनीति को समझने लगी है। उन्होंने विधायक से तथ्यात्मक और जिम्मेदार रवैया अपनाने की अपील की। इस दौरान नगला तराई के ग्राम प्रधान देवेंद्र मेहरा, प्रेमप्रकाश, सचिन कुरेशिया और भीम सिंह खड़ायत सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार, मुस्तैदी के नाम पर काटे जा रहे हैं चालान

काशीपुर। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह फेलियर साबित हुई। यह अलग बात है कि इलेक्ट्रॉनिक चालान मशीन लेकर ट्रैफिक के अधिकारी नगर क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों/चौराहों पर चालान करते देखे जा सकते हैं लेकिन व्यवस्था में रंच मात्र भी सुधार नहीं है। ट्रैफिक व्यवस्था पटरी से नीचे आने के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। बता दें कि ट्रैफिक पुलिस की लापरवाह कार्यशैली एवं गलत नीतियों के कारण सड़कों पर बगैर नंबर प्लेट व चोरी की गाड़ियां की भरमार है। ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहनों की धर पकड़ से बचने का प्रयास करती है। काशीपुर में सड़कों पर फर्राटा भरने वाले अधिकांश वाहन चालकों के पास लाइसेंस नहीं है तो तमाम गाड़ियां ऐसी है जिनमें कोई दस्तावेज रजिस्ट्रेशन का अता पता नहीं। ट्रिपल राइडिंग, पटाखा लगी बुलेट मोटरसाइकिल



सड़कों पर खतरों का सबब बनी है। सूत्रों का कहना है कि काशीपुर में कुछ लोग दिल्ली व यूपी क्षेत्र से चोरी की गाड़ियां लाकर यहां बेचने का काम कर रही है। इस बारे में भी ट्रैफिक पुलिस को अवगत कराने जाने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस ने मामले से किनारा कर लिया। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का नतीजा यह है कि टांडा उज्जैन तिराहा, टांडा उज्जैन चौराहा, व चीमा चौराहे के आसपास दिन में कई कई बार भीषण जाम की नौबत बन जाती है। काशीपुर में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर वाहनों के अवैध एंड संचालित है जहां से नंबर लगाने के नाम पर गुंडा टैक्स के वसूली की सूचना है। एमपी चौक, रामनगर रोड प्राइवेट बस स्टैंड, स्टेडियम, टांडा उज्जैन तिराहे पर अवैध मैजिक स्टैंड, बाजपुर रोड प्राइवेट बस स्टैंड के अलावा जसपुर बस स्टैंड पर वाहनों के नंबर लगाए जाने के नाम पर कतिपय लोगों द्वारा गुंडा टैक्स के वसूली की सूचना है।

# ओवरलोडिंग और नशे में ड्राइविंग पर होगी जेल

## जिलाधिकारी ने दिए होली और रमजान को लेकर कानून-व्यवस्था पर विशेष सतर्कता के निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कमर कस ली है। शनिवार को कैंप कार्यालय में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क सुरक्षा और जन-सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने ओवरलोडिंग को सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण बताते हुए परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त श्प्रवर्तन अभियानश चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एआरटीओ और एसपी क्राइम को सख्त लहजे में कहा कि केवल चालान काटना काफी नहीं है, बल्कि नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। स्पीड मॉनिटरिंग बढ़ाने और ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में ब्रीथ एनालाइजर के साथ नियमित चेकिंग करने को कहा गया है ताकि सड़कों पर अकाल मौतों को रोका जा सके। जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए जिलाधिकारी ने पूर्व में संचालित सत्यापन अभियान को आगामी सोमवार (23 फरवरी) से पुनः बड़े स्तर पर शुरू करने का आदेश दिया है। इस अभियान का उद्देश्य अवांछित तत्वों की पहचान करना, बाहरी व्यक्तियों का रिकॉर्ड खंगालना और अवैध अतिक्रमण जैसे संवेदनशील प्रकरणों पर विधिक शिकंजा कसना है।



उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और प्रभावी होनी चाहिए। आगामी होली और रमजान के त्योहारों को देखते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए ताकि आपसी भाईचारा और शांति बनी रहे। इसके साथ ही, शस्त्रों के अवैध उपयोग को रोकने के लिए लाइसेंसी हथियारों के सत्यापन और संदिग्धों की निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। राजस्व संबंधी मामलों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को द्विपक्षीय भूमि विवादों को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि विवादों का निस्तारण निष्पक्ष और विधिसम्मत तरीके से त्वरित गति से किया जाए ताकि अनावश्यक विलंब के कारण होने वाले आपसी झगड़ों और तनाव को रोका जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार उपाध्याय, एसपी क्राइम जितेन्द्र चौधरी, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह (वर्चुअल), सीओ प्रशांत कुमार, एआरटीओ मोहित कोठारी और प्रभारी खनन अधिकारी मनीष कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।




# मुस्लिम समाज ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड उलेमा कौन्सिल और मुस्लिम समाज रुद्रपुर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने शनिवार को जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर रमजान माह के दृष्टिगत एक ज्ञापन सौंपा। उलेमा कौन्सिल उत्तराखण्ड के अध्यक्ष अमीरे शरीअत मौलाना जाहिद रजा रिजवी के नेतृत्व में मिले इस प्रतिनिधि मण्डल ने पवित्र महीने के दौरान रोजेदारों को होने वाली असुविधाओं के निराकरण की पुरजोर मांग की।मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया कि रमजान का महीना इबादत और बरकत का है, जिसमें तड़के 3:00 बजे से ही गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। प्रतिनिधि मण्डल ने मांग की कि सेहरी, इफ्तार और तरावीह की नमाज के



समय बिजली की अघोषित कटौती पर पूर्ण पाबंदी लगाई जाए और पूरे माह 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, सुबह और शाम पेयजल आपूर्ति के समय में एक-एक घंटे का इजाफा करने का भी अनुरोध किया गया ताकि रोजेदारों को पर्याप्त पानी मिल सके।प्रतिनिधि मण्डल ने शहर की मुस्लिम बस्तियों और मस्जिदों के आसपास की सफाई व्यवस्था पर चिंता जताई। उन्होंने नगर निगम के माध्यम से मस्जिदों के निकट विशेष सफाई अभियान चलाने और खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की। सुरक्षा के दृष्टिगत मस्जिदों के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाने और माकूल इंतजाम करने पर भी जोर दिया गया।ज्ञापन में इंदिरा चौक स्थित जामा मस्जिद का विशेष उल्लेख करते हुए कहा गया कि यहाँ शहर के अलावा बाहरी यात्री भी नमाज के लिए रुकते हैं। प्रतिनिधि मण्डल ने मांग की कि नमाज के वक्त ट्रैफिक विभाग मस्जिद कमेटी से समन्वय बनाकर पार्किंग में छूट दे और चालान न काटे। साथ ही, जुमे की नमाज के दौरान सर्विस रोड पर मात्र 15 मिनट के लिए नमाज अदा करने की अनुमति मांगी गई। मुसाफिरों और मजदूरों की सुविधा के लिए जामा मस्जिद के पास स्थित होटलों को सेहरी के समय (रात्रि 03:00 से 05:00 बजे तक) खोलने की अनुमति देने का भी आग्रह किया गया।इस प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से मौलाना जाहिद रजा रिजवी, मुफ्ती दानिश मिस्बाही, इरशाद अंसारी, हाजी रईस खांन, मुहम्मद आरिफ, साहिब खां, हाजी खुर्शीद, तालिब खान, छोटू भाई और फैजान रजा सहित कई लोग मौजूद थे।

# ओवरलोडिंग के विरुद्ध पुलिस का सघन चेकिंग अभियान जारी,32 वाहन सीज और 39 का चालान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशानुसार एसएसपी ऊधम सिंह नगर अजय गणपति द्वारा संपूर्ण जनपद में ओवरलोडिंग के विरुद्ध वृहद स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले और क्षमता से अधिक माल ढोने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में जाल बिछाकर कई वाहनों को अपनी गिरफ्त में लिया।कार्यवाही के विवरण के अनुसार, कोतवाली आईटीआई, बाजपुर, पुलभट्टा, सितारगंज और झनकईया पुलिस द्वारा एक-एक वाहन सीज किया गया है। कोतवाली किच्छा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 वाहनों को सीज किया और एक का कोर्ट चालान किया। वहीं, यातायात पुलिस रुद्रपुर ने 5 वाहनों का मौके पर चालान करने के साथ ही 5 वाहनों का कोर्ट का चालान



काटकर सख्त संदेश दिया।एसएसपी अजय गणपति के निर्देशानुसार अब तक चलाए गए इस अभियान में कुल 39 ओवरलोड वाहनों का चालान किया जा चुका है, जबकि 32 वाहनों को सीज किया गया है। इसके अतिरिक्त 22 वाहनों के कोर्ट के चालान किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों के पालन हेतु यह अभियान भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा।

# विधायक सुमित ने वार्डों की समस्याओं को लेकर ली बैठक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने अपने आवास पर उत्तराखंड राज्य विकास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (यूएसडीडीए) के निदेशक कुलदीप सिंह के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के नव-संलग्न वार्ड संख्या 34, 35, 36, 37, 48, 49 एवं 50 के स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने अपने-अपने वार्डों से संबंधित अधूरे पड़े



विकास कार्यों, पेयजल, सड़क, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट और सीवर व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।विधायक सुमित हृदयेश ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित के मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने निदेशक कुलदीप सिंह से लंबित विकास कार्यों में तेजी लाने और प्रत्येक वार्ड में जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। सुमित हृदयेश ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड का संतुलित विकास उनकी प्राथमिकता है और वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।बैठक के दौरान महेशानन्द, शंकर लाल कमाण्डो, ऋशु, जगदीश भारती, खीमानन्द पांडे, लक्ष्मीकान्त, संजू उप्रेती, मन्नू गोस्वामी, बच्ची सिंह बोरा, महेन्द्र सिंह, जीवन गिरी गोस्वामी, एन.बी. गुणवन्त, नवीन पांडेय, विनोद दानी, मुकुल बल्यूटिया, वीर सिंह बिष्ट, राजू पाण्डे, बसन्त बल्लभ जोशी, दीपक जोशी, एल.एस. अधिकारी, नरेन्द्र मठपाल, मोहन पाण्डे, दीप चन्द्र जोशी, विनोद दानी, हेम पाण्डे, मोहित सुयाल, लाल सिंह पवार और संजय जोशी मौजूद रहे

# खतीब अहमद ने संभाला उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष का पदभार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड शासन, अल्पसंख्यक कल्याण की अधिसूचना के क्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष श्री खतीब अहमद ने उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष का पदभार विधिवत रूप से ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए हाजियों की सेवा और लंबित कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत श्री खतीब अहमद ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, संगठन मंत्री श्री अजय और कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन और सरकार ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और लगन के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अध्यक्ष ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि उनके पूर्व के कार्यकाल के दौरान जो कार्य अधूरे रह गए थे, उन्हें तत्परता से



पूरा किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रदेश से हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों की सुविधाओं और सुगम यात्रा के लिए वे और उनकी टीम सदैव तत्पर रहेगी। गौरतलब है कि श्री खतीब अहमद को प्रशासनिक कार्यों का लंबा अनुभव है; वे पूर्व में भी हज समिति के अध्यक्ष रहने के साथ-साथ उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद (टॉस्क फोर्स) के अध्यक्ष और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यालय आगमन पर उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री शादाब शम्स, अधिशासी अधिकारी श्री मोहम्मद आरिफ, हज अधिकारी श्री मौ० अहसान और श्री अकरम साबरी ने बुके देकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके अतिरिक्त कार्यालय स्टाफ के अब्दुल शाहिद, रफत हुसैन, अब्दुल कादिर सहित अन्य सदस्यों ने फूलमालाओं के साथ नवनियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री खतीब अहमद विश्व प्रसिद्ध दरगाह साबिर पाक, पिरान कलियर पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र मजार शरीफ पर चादर पेश की। उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे (अमन) के लिए दुआ मांगी। इस अवसर पर अजहर प्रधान, राशिद, अमजद मलिक, शहजाद, तसब्दुर उर्फ मन्नू, खालिद साबरी, गुलजार चौधरी, हाजी समीर, पूर्व राज्यमंत्री सईद हसन, आरिफ, आसिक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और समर्थक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने दिवंगत ब्लॉक प्रमुख सतीश नैनवाल को अर्पित की श्रद्धांजलि


भिकियासैंण (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भिकियासैंण पहुंचकर रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल के भाई तथा ब्लॉक प्रमुख रहे स्वर्गीय सतीश नैनवाल के पीपलपानी संस्कार में सम्मिलित होकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सतीश नैनवाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए



कहा कि भगवान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान कर परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि सतीश नैनवाल सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक सक्रिय जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शोक की इस घड़ी में पूरी तरह उनके साथ खड़ी है।

# रामायण की जीवंत प्रस्तुति ने सरस मेले में भरा भक्ति का रंग

## श्रीराम भारतीय कला केंद्र के कलाकारों ने नृत्य-नाटिका से बिखेरी सनातन संस्कृति की छटा; साधौ बैंड की धुनों पर झूमे दर्शक





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के गांधी पार्क में बीते 14 फरवरी से चल रहे 'यू.एस. कार्निवाल' के अंतर्गत 'सरस आजीविका मेला-2026' अपनी भव्यता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मेले के आठवें दिन शनिवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम रही, जहाँ देश की समृद्ध विरासत और आधुनिक संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन के मुख्य आकर्षण के रूप में दिल्ली के विश्वप्रसिद्ध श्श्रीराम भारतीय कला केंद्रश के कलाकारों ने रामायण पर आधारित मंत्रमुग्ध कर देने वाली नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को अपनी जीवंत अभिनय शैली, भावपूर्ण मुद्राओं और शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से मंच पर उतारा। प्रभावशाली मंच सज्जा और पार्श्व संगीत ने दर्शकों को त्रेतायुग के दर्शन करा दिए। इस प्रस्तुति ने न केवल उपस्थित जनसमूह को भारतीय सनातन परंपरा और उच्च आदर्शों से रूबरू कराया, बल्कि पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और भक्तिमय बना दिया। रामायण के इस मंचन ने समाज में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने का सशक्त संदेश प्रसारित किया।सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ श्साधौ बैण्डश की धमाकेदार प्रस्तुति के साथ हुआ। बैण्ड के कलाकारों ने भक्तिमय भजनों को आधुनिक वाद्ययंत्रों के साथ पिरोकर एक नया समां बांध दिया। इसके बाद लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों की ऊर्जावान प्रस्तुति ने युवाओं और बच्चों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मधुर धुनों और आकर्षक मंच प्रदर्शन ने सरस मेले के परिसर को एक बड़े उत्सव में तब्दील कर दिया।सरस आजीविका मेला-2026 अब केवल खरीदारी का केंद्र नहीं रह गया है, बल्कि यह ग्रामीण उत्पादों, स्वयं सहायता समूहों और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता का भी माध्यम बन गया है। यह मेला समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने और पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, शासन के सचिव दीपेन्द्र चौधरी और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आयोजन में पीडी हिमांशु जोशी, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह, गौरव पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भारी संख्या में उमड़ी दर्शकों की भीड़ ने देर रात तक कार्यक्रमों का आनंद लिया, जिससे यह शाम सरस मेले के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई।




# सरस मेले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की गूंज

## नुक्कड़ नाटक और कार्यशाला से दिया जागरूकता का संदेश



रुद्रपुर। ऊधमसिंह नगर के गांधी पार्क में आयोजित 'यू.एस. कार्निवाल' के अंतर्गत शनिवार को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की थीम पर एक विशेष गोष्ठी एवं जन- जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं और महिलाओं के प्रति व्याप्त कुरीतियों को जड़ से मिटाना और उन्हें उनके मौलिक अधिकारों के प्रति सचेत करना था।कार्यक्रम के दौरान द्रोण कॉलेज और यूनिटी लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने समाज की गंभीर समस्याओं पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। युवाओं ने अपने अभिनय के माध्यम से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश घर-घर तक पहुँचाने की अपील की और भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया। इस प्रदर्शन ने वहां मौजूद जनसमूह को भावुक करने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर कर दिया। महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता (हाइजीन) को लेकर आयोजित सत्र में जिला चिकित्सालय रुद्रपुर की डायटीशियन डॉ. अंशुल टंडन ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार साधारण पौष्टिक आहार के माध्यम से शरीर में आयरन और कैल्शियम की कमी को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को गर्भावस्था और दैनिक जीवन में सही खान-पान के महत्व को समझाया। वहीं, पंतनगर विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ डॉ. अर्चना कुशवाहा और डॉ. नीतू ने श्मिलेट्सश (मोटे अनाज) और 'ग्लूटेन-फ्री' आहार के फायदों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बदलते परिवेश में स्वस्थ रहने के लिए पारंपरिक अनाजों को थाली में शामिल करना कितना अनिवार्य है। इस कार्यशाला में लगभग 150 से अधिक महिलाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एक और आकर्षण हल्द्वानी के पॉटरी स्टूडियो द्वारा आयोजित लाइव कार्यशाला रही। इसके माध्यम से आम जनमानस को मिट्टी के सुंदर बर्तन और कलाकृतियां बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। लोगों ने स्वयं चाक पर मिट्टी को आकार देना सीखा, जो स्वरोजगार और पारंपरिक कला के प्रति उनके रुझान को बढ़ाने वाला सिद्ध हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी तोमर और बाल विकास परियोजना अधिकारी (शहर) आशा नेगी सहित कई सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जितेंद्र चौधरी ने संभाला सीओ क्राइम और ट्रैफिक का पदभार

रुद्रपुर। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जितेंद्र चौधरी ने शनिवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जनपद की कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुँचने पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और जनपद की वर्तमान सुरक्षा स्थिति



से अवगत कराया।पदभार ग्रहण करने के इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सिटी रुद्रपुर और क्षेत्राधिकारी पंतनगर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जनपद में उनका स्वागत किया। जितेंद्र चौधरी ने कार्यभार संभालने के साथ ही विभागीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की और अपराध नियंत्रण व सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराना और अपराधों की रोकथाम उनकी मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# डेढ़ करोड़ की साइबर ठगी के दो आरोपियों को दबोचा

## छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में वांछित अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी



गदरपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली गदरपुर पुलिस ने साइबर अपराधियों के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुए डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से अंजाम दी गई। शनिवार को छत्तीसगढ़ के जिला मोहला मानपुर के अंबागढ़ चौकी थाने से निरीक्षक राजीव तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गदरपुर पहुंची थी। उक्त टीम ने ठगी से संबंधित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार और पुलिस उपाधीक्षक बाजपुर के पर्यवेक्षण में कोतवाली गदरपुर से तत्काल पुलिस बल उपलब्ध कराया गया। संयुक्त पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर सनातन मंडल निवासी रजपुरा नंबर 2, बंगाली कॉलोनी, सकैनिया और योगेन्द्र सिंह निवासी दुर्गा मंदिर वार्ड नंबर 4, दिनेशपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्त थाना अंबागढ़ चौकी में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे। आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर पुलिस टीम द्वारा ट्रांजिट रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना हैकि साइबर अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राहुल गांधी का फूंका पुतला



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा उधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र एवं प्रदेश की गरिमा के विरुद्ध हो रही गतिविधियों के विरोध में गाबा चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया और अपना विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश आज विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, लेकिन ऐसे समय में दिल्ली में किए गए विरोध प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण हैं।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को विरोध का अधिकार है, लेकिन देश की अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अपनी युवाशक्ति के बल पर प्रगति कर रहा है और राष्ट्रहित के विरुद्ध किसी भी गतिविधि का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान अनुशासन बनाए रखते हुए युवाओं ने एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा आदेश भारद्वाज, मण्डल अध्यक्ष अशोक नेगी, मण्डल अध्यक्ष जय प्रताप भंडारी, विशाल सिंह, अभिषेक, रचित, केके त्रिपाठी, मनीष गोस्वामी, नवजोत सिंह सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैदियों को प्रशिक्षित कर बनाया जा रहा आत्मनिर्भर

## सेंट्रल जेल में सुधारात्मक प्रयासों की आईजी ने की सराहना

सितारगंज।केन्द्रीय कारागार का पुलिस महानिरीक्षक करण सिंह नगन्याल ने व्यापक निरीक्षण, कर जेल में सुधारात्मक प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार परिसर का विस्तृत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। कारागार प्रशासन द्वारा संचालित सुधारात्मक एवं उत्पादक गतिविधियों की सराहना की।जेल प्रशासन ने आईजी नागन्याल को बताया गया कि कारागार में मिंडा कॉर्पोरेशन द्वारा लगभग 60 बन्दियों को वायर हार्नेस निर्माण कार्य में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कारागार में पूर्ण विकसित दर्जी इकाई, लोहार इकाई, बढ़ईगीरी इकाई, नर्सरी एवं मिट्टी के गमले निर्माण कार्य तथा बंदियों के सेवन हेतु शुद्ध ऑर्गेनिक सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है स इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य बन्दियों के व्यक्तित्व विकास एवं पुनर्वास के अवसर सुलभ कराना है। इस अवसर पर आईजी नागन्याल ने नव निर्मित आधुनिक बन्दी कल्याणकारी कैंटीन भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इसके साफ-सुथरे एवं सुव्यवस्थित निर्माण की विशेष प्रशंसा की।उन्होंने जेल रेडियो कक्ष का भी अवलोकन किया, जहाँ बन्दियों द्वारा प्रतिदिन भेजी जाने वाली ष्फरमाइशेंष इन-हाउस रेडियो जॉकी द्वारा प्रसारित की जाती हैं। इस पहल को नवाचारपूर्ण और सुधारात्मक दिशा में एक अनुकरणीय कदम बताया।निरीक्षण के दौरान आई.जी. ने रसोईघर एवं कारागार बेकरी का भी निरीक्षण किया। वहाँ की स्वच्छता, गुणवत्ता और पोषण स्तर की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि सितारगंज कारागार ने सुधारात्मक प्रयासों को एक नई ऊँचाई दी है, जहाँ अनुशासन और आत्मनिर्भरता दोनों का आदर्श संगम दिखाई देता है। कारागार के सभी बन्दियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याएँ सुनीं। उन्होंने बन्दियों को सकारात्मक सोच एवं आत्म-संवर्धन की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। कारागार प्रशासन की उत्कृष्ट कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आईजी नागन्याल ने कहा कि वरिष्ठ अधीक्षक अनुराग मलिक के नेतृत्व में सितारगंज कारागार सुधार एवं नवाचार का केन्द्र बन चुका है। उनके प्रभावी एवं दूरदर्शी नेतृत्व में कारागार में अनुशासन, स्वच्छता और मानवीय संवेदना का समुचित समन्वय देखने को मिलता है।समापन पर आई.जी. ने कारागार गार्ड द्वारा प्रदत्त गार्ड ऑफ ऑनर की प्रशंसा की और समस्त कर्मियों को उनके अनुशासन, तत्परता एवं सेवा-भावना के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे सुधारात्मक प्रयास समाज में पुनर्प्रवेशन एवं पुनर्संस्कार की भावना को सशक्त बनाते हैं।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मोतियाबिंद के आपरेशन

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक स्वास्थ्य शिविर में मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से नौ मरीजों की एक आंख निकालनी पड़ी और नौ अन्य की एक आंख की रोशनी चली गई। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस शिविर का आयोजन एक स्थानीय निजी अस्पताल की ओर से किया गया था और यहां कई लोगों ने 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत आंख के आपरेशन कराए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद स्थानीय प्रशासन ने माना कि इन मामलों में गंभीर चूक हुई है।सामान्यत: चिकित्सक मरीज के मर्ज को ठीक कर उसके जीवन को बेहतर बनाता है, इसलिए उसे ईश्वर का दूसरा रूप भी कहा जाता है। ऐसे में किसी चिकित्सक या उनके सहायक की इस तरह की लापरवाही को किस तरह देखा जाएगा। यह घटना इस बात को भी उजागर करती है कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अमले में कर्तव्य के प्रति कोताही और असंवेदनशीलता की जड़ें किस तरह गहरी होती जा रही हैं।यह घटना कोई पहला मामला नहीं है। मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से आंखों की रोशनी खत्म हो जाने के मामले देश भर में अक्सर सामने आते रहते हैं। चाहे सरकारी अस्पताल हों या निजी, इस तरह की लापरवाही अब आम बात हो गई है। गोरखपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब तीस मरीजों की आंख का आपरेशन किया गया था, जिसके बाद चौबीस घंटे के भीतर अठारह मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है?हालांकि ऐसे मामलों में स्पष्ट कानूनी प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन साफ है कि उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है। अक्सर देखा गया है कि इस तरह की घटनाओं में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित के जख्मों पर मामूली मुआवजे का मरहम लगाकर मामले को निपटा दिया जाता है, जिस कारण व्यवस्था में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का आलम जस का तस बना रहता है। जाहिर है, जब तक चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। खूबसूरत दुनिया की सुंदरता देखने के लिए आंखों की रोशनी बहुत ही अनमोल है, जिसे बुढ़ापे तक सुरक्षित रखना जरूरी है। हमारे शरीर के सभी अंग बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। फिर भी अगर शरीर के सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण अंग की बात करें, तो वह आंखें होती हैं। हम अक्सर कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिसके कारण हमारी आंखों की रोशनी कम होने के साथ-साथ गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाती है। इसमें मोतियाबिंद बहुत आस समस्या है।

# सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में विशेषज्ञों ने साझा किया विकसित भारत का विजन

## 6 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों और 650 छात्रों ने की शिरकत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर में एक दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस इंपेक्ट @2047का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और तकनीकी क्षेत्र के योगदान पर विस्तृत चर्चा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंध निदेशक एवं विधायक शिव अरोरा, अध्यक्ष राजेश डावर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर और निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कॉन्फ्रेंस की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें देश-दुनिया के 6 से अधिक विश्व विद्यालयों के विशेषज्ञों और 33 विभिन्न संस्थानों के 650 से अधिक छात्र-छात्राओं व प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता डॉ. शिवेंद्र के. कश्यप ने भारतीय ज्ञान प्रणाली और जनसांख्यिकी को 2047 के स्थायी स्तंभ के रूप में परिभाषित किया। वहीं, विधायक शिव अरोरा ने प्रबंधन, फार्मेसी और क्लिनिकल साइंसेज में तकनीकी नवाचारों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. अनु मांगयल और डॉ. ए. के. उपाध्याय सहित अन्य विशेषज्ञों ने कृषि और नर्सिंग क्षेत्र में होने वाले क्रांतिकारी बदलावों पर अपने शोध साझा किए।युवा पीढ़ी को शोध के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित मौखिक और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कॉन्फ्रेंस के दौरान कुल 105 रिसर्च पेपर और 18 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में सिक्स सिग्मा की संजना और सृष्टि (बी.फार्मा तृतीय वर्ष) ने सर्वश्रेष्ठ पोस्टर का खिताब जीता, जबकि कुमाऊं यूनिवर्सिटी की गरिमा (एम.फार्मा द्वितीय वर्ष) को सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। अकादमिक चर्चाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सचिव रजत धवन, डॉ. सुप्रीत कौर, आलिया नाज सहित संस्थान के समस्त शिक्षकों और कोऑर्डिनेटर्स का विशेष सहयोग रहा। अंत में संस्थान के उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार और सी.ए.ओ. अनुभव बठला ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



# सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वाले 6 युवक दबोचे

काशीपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय गणपति के निर्देशन में जनपद ऊधमसिंह नगर पुलिस नशे के विरुद्ध अपना अभियान लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में काशीपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर नशा कर हुड़दंग मचाने वाले और अराजकता फैलाने वाले 06 युवकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की है। पुलिस की इस तत्परता ने नशेड़ियों के जमावड़े से परेशान स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान की है। गौरतलब है कि दिनांक 19 फरवरी 2026 को एसएसपी अजय गणपति द्वारा आयोजित जन सम्मेलन के दौरान स्थानीय नागरिकों ने प्रमुखता से शिकायत दर्ज कराई थी कि काशीपुर के प्रिया मॉल से लेकर चीमा चौराहे तक का क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। लोगों का कहना था कि शाम ढलते ही यहाँ नशेड़ियों के जमावड़े



से आम राहगीरों, विशेषकर महिलाओं और परिवार के साथ निकलने वाले लोगों को भारी मानसिक असुरक्षा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शिकायत की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल सख्त आदेश जारी किए। इन आदेशों के अनुपालन में शनिवार, 21 फरवरी 2026 को चौकी कटोराताल पुलिस ने चीमा चौराहे से लेकर प्रिया मॉल तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने मौके से 06 नशेड़ियों को रंगे हाथों पकड़कर चौकी पहुँचाया। पुलिस ने न केवल उनका 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान काटा, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए उनकी विशेष काउंसलिंग भी की। नशे के दुष्परिणामों और भविष्य की बर्बादी के प्रति सचेत करने के बाद पुलिस ने इन युवकों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अभियान भविष्य में भी इसी प्रकार अनवरत जारी रहेगा।

# शराब माफियाओं पर पुलिस का चाबुक, जंगल में धधकती भट्टियां तोड़ी

रुद्रपुर/बाजपुर (उद संवाददाता)। जनपद में अवैध नशे के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत बाजपुर पुलिस ने कच्ची शराब के काले कारोबार पर बड़ा प्रहार किया है। कोतवाली बाजपुर के अंतर्गत चौकी बरहनी पुलिस ने शराब माफियाओं के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध लाहन और भट्टियों को नष्ट कर दिया। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। चौकी बरहनी प्रभारी संदीप शर्मा को सूचना मिल रही थी कि बरहनी के जंगल क्षेत्र का लाभ उठाकर कुछ माफिया अवैध रूप से कच्ची शराब तैयार कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक होते ही पुलिस टीम ने शनिवार को जंगल में घेराबंदी कर दी। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके पर कई भट्टियां धधकती हुई मिलीं, जिनके माध्यम से कच्ची शराब तैयार की जा रही थी। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धधकती भट्टियों को ध्वस्त कर दिया और मौके पर ड्रमों में भरकर रखे गए हजारों लीटर लाहन को बहाकर नष्ट कर दिया। हालांकि, दुर्गम भौगोलिक स्थिति और जंगल का फायदा उठाकर अवैध कारोबार में लिप्त शराब तस्कर पुलिस की आहट पाते ही मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान भी चलाया। चौकी प्रभारी संदीप शर्मा ने बताया कि यह अभियान एसएसपी के उन सख्त निर्देशोंका हिस्सा है जिसके तहत जिले को मादक पदार्थों और अवैध शराब से मुक्त बनाना है। उन्होंने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस के मुताबिक, शराब माफियाओं के खिलाफ यह दबिश भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगी । इस सफल कार्रवाई में चौकी प्रभारी संदीप शर्मा के साथ सुरेंद्र बिष्ट और अन्य पुलिस कर्मी मुख्य रूप से शामिल रहे।



# मोहम्मद शादाब ने दिया भाईचारे और सेवा का दिया संदेश

गदरपुर (उद संवाददाता)। पवित्र माह रमजान के पावन अवसर पर गदरपुर के उभरते युवा समाजसेवी मोहम्मद शादाब ने क्षेत्रवासियों को दिली मुबारकबाद देते हुए इस महीने की महत्ता पर प्रकाश डाला है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि रमजान का यह पाक महीना केवल धार्मिक इबादत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सब्र, आत्मत्याग और निस्वार्थ इंसानियत का सबसे बड़ा पैगाम देता है। यह महीना हमें सिखाता है कि हम अपनी सुख-सुविधाओं का त्याग कर समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद तबके के दर्द को महसूस करें। मोहम्मद शादाब ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि रमजान आत्मशुद्धि और आत्मसंयम का पर्व है। रोजा रखने का वास्तविक अर्थ केवल भूख और प्यास सहना नहीं, बल्कि अपने व्यवहार में विनम्रता लाना और बुराइयों से दूर रहकर एक आदर्श समाज की स्थापना में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि रमजान की असली रूह तभी साकार होती है जब हम अपने आसपास के अभावग्रस्त लोगों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाएं। युवाओं को समाज की शक्ति बताते हुए उन्होंने विशेष अपील की कि इस पवित्र महीने के दौरान युवा वर्ग सामाजिक कार्यों और खिदमत-ए-खल्क (जनसेवा) में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सौहार्द और एकता के साथ रहने का आह्वान किया। शादाब ने कहा कि गदरपुर की गंगा-जमुनी तहजीब को और अधिक मजबूत करना हम सभी की साझी जिम्मेदारी है। अंत में उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ करते हुए आशा व्यक्त की कि यह पाक महीना हर घर में खुशियां, अमन-चौन और तरक्की लेकर आएगा। उनके इस प्रेरक संदेश की स्थानीय युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने सराहना की है।



# किच्छा के 6 सरकारी स्कूलों की बदलेगी सूरत, 58 लाख स्वीकृत

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों की दशा सुधारने और छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करने की दिशा में विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। विधायक बेहड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हर्ष व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि उनके द्वारा शिक्षा विभाग को भेजे गए प्रस्तावों और निरंतर की गई पैरवी के फलस्वरूप क्षेत्र के 6 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के लिए लगभग 58 लाख रुपये की भारी-भरकम धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास योजना के अंतर्गत राज्य स्तर से यह बजट आवंटित किया गया है। इस धनराशि का उपयोग विद्यालयों के भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन, छतों के सुधार, फर्श के नवीनीकरण, शौचालयों के जीर्णोद्धार और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबे समय से इन विद्यालयों के भवनों की स्थिति जर्जर थी, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अब बजट मिलने से इन स्कूलों का कायाकल्प हो सकेगा। स्वीकृत बजट के अनुसार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय धौराडाम को 9.77 लाख, छींनकी को 9.72 लाख, दरऊ द्वितीय को 9.77 लाख, वार्ड नंबर 9/10 स्थित विद्यालय को 9.77 लाख, बिड़ोरा को 9.74 लाख और धौराडाम प्रथम को 9.67 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। एक अन्य मद सहित कुल मिलाकर लगभग 58 लाख रुपये की राशि से इन स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाएगी। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ होना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब सरकारी स्कूलों की इमारतें सुंदर और सुरक्षित होंगी, तो न केवल छात्र-छात्राओं को बेहतर वातावरण मिलेगा, बल्कि अभिभावकों का भी सरकारी शिक्षा प्रणाली के प्रति भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने शिक्षा विभाग का आभार जताया।

# कुलपति चौहान ने खेल स्थलों का किया निरीक्षण

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 23 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर हैं। इस भव्य प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तराखंड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गुरमीत सिंह द्वारा किया जाएगा। आयोजन की पूर्व तैयारियों को परखने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टीवेंसन स्टेडियम सहित विभिन्न खेल स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने इनडोर और आउटडोर खेल स्थलों का



अवलोकन करते हुए बैडमिंटन कोर्ट, फ्लोरिंग, प्रकाश व्यवस्था और खिलाड़ियों के बैठने की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छता और खिलाड़ियों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, इसलिए आयोजन की व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होनी चाहिए।उन्होंने खेल मैदानों और परिसर में सुरक्षा, चिकित्सा और आवास संबंधी सभी प्रबंधों को समय से पूरा करने की हिदायत दी। विश्वविद्यालय प्रशासन इस खेल महाकुंभ को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जुटा हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और खेल विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल में मनेगा विश्व मातृभाषा दिवस

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। बंगीय भाषा संस्कृति मंच के तत्वावधान में विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल, आनंद खेड़ा में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बांग्ला भाषा के उत्थान और उन्नयन को लेकर गहन विचार-मंथन किया जाएगा। मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि मातृभाषा किसी भी समाज की सांस्कृतिक पहचान और विरासत की आधारशिला होती है और बदलते परिवेश में क्षेत्रीय भाषाओं का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है।इस गोष्ठी में शिक्षाविद, साहित्यकार, बुद्धिजीवी और समाजसेवी शिरकत करेंगे। वक्ता बांग्ला भाषा की वर्तमान स्थिति और नई पीढ़ी में भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के उपायों पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से भाषा संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी और



विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त भाषा प्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर शक्तिगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, शंकर चक्रवर्ती, एजे बटसर, साधना बट्सर, रोहिताश मलिक, नित्यानंद मंडल, नारायण हालदार, सुभाष व्यापारी, सुभाष सरकार, नारायण महाजन, सुब्रो चक्रवर्ती, रवि सरकार, आनंदिता सरकार, मानिक शुक्ला, समीर राय, दिलीप अधिकारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन 27 मार्च को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्थानीय हट गार्डन में समस्त श्याम प्रेमियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में हल्द्वानी के सभी श्याम प्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए अपनी एकजुटता का परिचय दिया। श्री श्याम युवा मित्र मंडली के अध्यक्ष अंकित पाल ने बताया कि यह बैठक 27 मार्च को होने वाले कीर्तन के आयोजन के संबंध में बुलाई गई थी। उन्होंने कहा कि सभी श्याम प्रेमी इस कीर्तन में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देंगे। बैठक में कीर्तन आयोजक अशोक गोयल और पल्लवी गोयल ने आयोजन की बारीकियों पर चर्चा की।



इस दौरान शशि भूषण अग्रवाल, सनी कपूर, ललित पांडेय, संजीव कश्यप, हन्नी अग्रवाल, कमल पाल, अनिल पाल, हर्षित पाल, सचिन गुप्ता, रतन चोहान सहित दर्जनों श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने उत्सव को भव्य बनाने और सामूहिक रूप से सेवा कार्य करने का संकल्प लिया।

# भारत विकास परिषद ने वितरित की व्हीलचेयर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा पी. एस.एन. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लामाचौर में एक दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से शाखा की ओर से चार दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी ने इस अवसर पर बताया कि भारत विकास परिषद पूरे वर्ष विभिन्न शिविरों के माध्यम से समाज के जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करता है।सहायता शिविर के दौरान मुख्य रूप से प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, ग्राम प्रधान त्रिवेणी गयाल, बीटीसी सदस्य गौरव बिष्ट, पीएसएन स्कूल के



डायरेक्टर डॉ अभिषेक मित्तल और डॉ मोनिका मित्तल उपस्थित रहे। इसके साथ ही मनीष अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अनीष कुमार, सीमा बक्शी, एकता अग्रवाल, मीनू गुप्ता, प्रिया कुमार और अमित अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी और सेवा कार्यों में सहयोग किया।

# केवट की भक्ति और राम-भरत मिलाप देख भावुक हुए श्रद्धालु

टनकपुर(उद संवाददाता)। देवभूमि रामलीला समिति छीनीगोठ के तत्वाधान में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान शनिवार की रात भक्ति और भावनाओं के नाम रही। मंचन के दौरान जहाँ एक ओर केवट की निस्वार्थ भक्ति ने दर्शकों को प्रभावित किया, वहीं राम-भरत मिलाप के मार्मिक दृश्य ने पंडाल में मौजूद हर श्रद्धालु की आँखें नम कर दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऋषिकेश उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि रिपुदमन तड़ागी ने समिति के पदाधिकारियों के साथ श्री राम की आरती उतारकर किया। मंचन की शुरुआत गंगा पार की लीला से हुई। वनवास के मार्ग पर जब प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण गंगा तट पर पहुँचे, तो केवट प्रसंग का जीवंत चित्रण किया गया। केवट द्वारा प्रभु के चरण पखारने, चरणामृत ग्रहण करने और नाव के जरिए उन्हें गंगा पार कराने के दृश्य ने प्रेम और समर्पण की अद्भुत मिसाल पेश की। इस भक्तिपूर्ण दृश्य को देख दर्शक भावविभोर हो उठे। इसके पश्चात भारद्वाज मुनि संवाद का मंचन हुआ, जिसमें मुनि ने प्रभु राम को चित्रकूट में निवास करने का परामर्श दिया। लीला का सबसे भावनात्मक क्षण तब आया जब अयोध्या से चित्रकूट पहुँचे भरत अपने बड़े भाई राम के चरणों में गिर पड़े। भरत द्वारा अयोध्या लौटकर राजपाठ संभालने के बार-बार आग्रह और राम द्वारा पितृ-धर्म पालन के लिए उसे अस्वीकार करने के संवादों ने भाईचारे की पराकाष्ठा को दर्शाया। भरत की विह्वलता और राम के धैर्य को देख पूरा परिसर श्जय श्री रामश और श्भरत भैया की जयश के जयकारों से गूँज उठा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बंशीधर चौड़ाकोटी, सचिव जगदीश पंत और कोषाध्यक्ष गोविंद चौड़ाकोटी सहित पूरी टीम व्यवस्थाओं में



जुटी रही। मंचन के दौरान हारमोनियम पर जगदीश उप्रेती और तबले पर प्रकाश जोशी ने अपनी जुगलबंदी से समां बांध ा। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने देर रात तक प्रभु की लीलाओं का आनंद लिया।

# युकांईयों ने विधायक उमेश शर्मा का फूंका पुतला

## अधिकारियों के साथ मारपीट और तोड़फोड़ को बताया शर्मनाक

रामनगर (उद संवाददाता)। देहरादून में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के साथ हुई अभद्रता और मारपीट के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में रविवार को रामनगर में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और भाजपा विधायक उमेश शर्मा काउ के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने लखनपुर चुंगी पर एकत्र होकर नारेबाजी की और विधायक का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शनिवार को देहरादून में जो कुछ भी हुआ वह देवभूमि की राजनीति के लिए काला अध्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विधायक उमेश शर्मा काउ और उनके समर्थकों ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल के कार्यालय में घुसकर न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, बल्कि शिक्षा निदेशक



के साथ अभद्रता और मारपीट भी की। लोहनी ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं और उन्हीं के ज्ञान से लोग सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं, लेकिन सत्ता के मद में चूर भाजपा विधायक अब गुरुओं और उच्च अधिकारियों पर हाथ उठाने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। युवा कांग्रेस ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि आरोपी विधायक को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और वे सार्वजनिक रूप से प्रदेश की जनता व शिक्षा जगत से माफी मांगें। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ने के लिए विवश होगी।

# विकास से ध्यान भटका रहे बेहड़: राजेश तिवारी

किच्छा (उद संवाददाता)। भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रकोष्ठ संयोजक राजेश तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। तिवारी ने कहा कि वर्तमान विधायक अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पर बिना किसी साक्ष्य के कीचड़ उछाल रहे हैं और अनर्गल बयानबाजी कर क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजेश शुक्ला की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान होकर विधायक बेहड़ अपनी भाषा की मर्यादा भूल चुके हैं, जो एक परिपक्व राजनेता को शोभा नहीं देता।राजेश तिवारी ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि यदि आज किच्छा विकास की दौड़ में पिछड़ा है, तो इसके पीछे कांग्रेस विधायक का ही हाथ है। उन्होंने आरोप



लगाया कि विधायक बेहड़ के ही कार्यकाल में किच्छा तहसील के दो टुकड़े किए गए और तमाम महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों को किच्छा से रुद्रपुर स्थानांतरित करवाया गया। तिवारी ने याद दिलाया कि उधम सिंह नगर जनपद के सृजन की घोषणा किच्छा तहसील से ही हुई थी, लेकिन कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने निजी स्वार्थों के चलते किच्छा की उपेक्षा की। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता अब जागरूक हो चुकी है और आने वाले समय में विकास विरोधी राजनीति का करारा जवाब देगी।

# पेज एक का शेष...

**युवा शक्ति ही विकसित ...**की पहल पर मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भेजा जा रहा है, ताकि वे देश की विविधता और प्रगति को स्वयं देख सकें।डॉ. रावत ने कहा कि शैलेश मटियानी पुरस्कार जैसे आयोजनों से हम अपने गुरुओं का मान बढ़ा रहे हैं, जो शिक्षा की आधारशिला हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में से एक बताया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनपदों से आए मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। छात्रवृत्ति की धनराशि कई लाभार्थियों के खातों में सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर विद्यालयी शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और छात्रों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों की सराहना की।

**संगठित समाज ही ..**संबोधन में सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज का संगठित होना समय की मांग है। नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं को संजोना ही हमारी असली पहचान है। उन्होंने आह्वान किया कि जब समाज के सभी वर्ग एकजुट होंगे, तभी एक सशक्त और वैभवशाली राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। कार्यक्रम के प्रबुद्ध सत्र में अन्य वक्ताओं ने भी हिंदू जागरण और सामाजिक एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का समापन सामूहिक समरसता भोज के साथ हुआ, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों ने ऊंच-नीच का भेद मिटाकर एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक बंटी छाबड़ा, सह-संयोजक प्रमोद नेगी, पंकज कांडपाल, पूनम कौशिक सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर, पंकज सेतिया, राकेश भुड्डी, प्रीत ग्रोवर, मिन्नी गुंबर सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध जन और मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल रावत द्वारा किया गया

**बेहड़ की टिपपणी...**नहीं, बल्कि मोहल्ले के किसी झगड़ालू व्यक्ति की तरह लगती है, जो कभी शुक्ला जी, कभी विकास शर्मा, तो कभी जितेंद्र गौतम जैसे नेताओं को अपमानित करने का काम करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने विधायक को चेतावनी दी कि कोली समाज उनकी धमकियों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि विधायक ने समाज से माफी नहीं मांगी, तो उनके और उनके करीबियों के कार्यों को सार्वजनिक करने में समय नहीं लगेगा। मुकेश कोली ने कहा कि अपनी इन्हीं हरकतों के कारण बेहड़ जल्द ही पूर्व विधायक होने वाले हैं। प्रदर्शन के दौरान रज्जी कोली, भन्नू कोली, मूलचंद, राजकुमार, सुजल, राहुल, सुनील और मनीष सहित कोली समाज के दर्जनों युवा और बुजुर्ग उपस्थित रहे।

**चौतरफा घिरे विधायक...**साथ अपने पुराने मधुर संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा प्रशासन का सहयोग मिला है और वे कर्मचारियों का सम्मान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार अधिकारी-कर्मचारियों के हितों में कार्य कर रहे हैं और सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर है। इसलिए, उन्होंने सभी पक्षों से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए इस प्रकरण को यहीं समाप्त करने का आग्रह किया है।विदित हो कि इस घटना के बाद से ही विभिन्न कर्मचारी संगठन और विपक्षी दल विधायक के खिलाफ लामबंद थे, जिसके बाद अब विधायक के माफीनामे को विवाद ठंडा करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बेहड़ ने 52 लाख की लागत के 12 विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## विभिन्न गांवों में सड़कों और जनसुविधाओं की दी सौगात, 2027 के चुनाव के लिए मांगा जनता का आशीर्वाद

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिलक राज बेहड़ ने शनिवार को क्षेत्रवासियों को विकास की बड़ी सौगात देते हुए लगभग 52 लाख रुपये की लागत से तैयार 12 विभिन्न विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण किया। विधायक ने विभिन्न ग्राम सभाओं का दौरा कर फीता काटा और निर्मित योजनाओं को जनता को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने जनसभाओं को संबोधित करते हुए अपनी उपलब्धियां गिनाईं और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए समर्थन की अपील भी की।लोकार्पण समारोह के तहत विधायक निधि से ग्राम कुर्रैया में 18.90 लाख रुपये की लागत से छह महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं। इनमें नई मस्जिद के पास सीसी सड़क, अब्बास अली के घर तक संपर्क मार्ग, सलीम के घर से गुड्डू के घर तक सड़क और जाहिद के घर से अजमत के घर तक इंटरलॉकिंग टाइल निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम सैंजना में अकरम के घर से मुख्तार अहमद के घर तक सीसी सड़क और सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर की स्थापना की गई। धार्मिक और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए ग्राम धाधा फार्म के मंदिर और ग्राम बखपुर के श्मशान घाट पर 4-4 लाख रुपये की लागत से टीन शेड व फर्श का निर्माण कराया गया है। साथ ही जिला पंचायत मद से सैंजना में 18.50 लाख की लागत से दो मुख्य सीसी मार्गों का निर्माण भी संपन्न हुआ।विभिन्न ग्रामों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि उनके पिछले 4 साल का कार्यकाल पूर्ववर्ती विधायक के 10 वर्षों के कार्यकाल पर भारी है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा समाज को बांटने और भेदभाव की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस और वे स्वयं सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलने के सिद्धांत पर काम करते हैं। बेहड़ ने कहा कि गांव-गांव तक पक्की सड़कें और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही एक जनप्रतिनिधि का असली दायित्व है। उन्होंने पारदर्शिता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि विधायक निधि का एक-एक पैसा उन बस्तियों के उत्थान पर खर्च किया जा रहा है जो वर्षों से उपेक्षा का शिकार थीं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने विधायक बेहड़ का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान विधायक की सक्रियता से क्षेत्र की पुरानी समस्याओं का समाधान हो रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सर्वेश सिंह, प्रेम आर्या, राजेश प्रताप सिंह, गुलशन सिन्धी, मेजर सिंह, प्रधान राजेंद्र सिंह, विजय यादव, तुलसी देवी, रोशनी देवी, मनवीर, शुभम सुखीजा, मुख्तार अहमद, जाकिर अली, शाहनवाज शान, हरविन्द्र सिंह मोंटी सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# यूनिवर्सिटी कैम्पस में शराब की होम डिलीवरी का प्रचार करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

पंतनगर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में पंतनगर पुलिस ने अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने विश्वविद्यालय परिसर में शराब की होम डिलीवरी का प्रचार करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो समाचार पत्रों के माध्यम से नशे के कारोबार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा था। 20 फरवरी 2026 को पंतनगर यूनिवर्सिटी कैम्पस में समाचार पत्रों के भीतर कुछ आपत्तिजनक कार्ड वितरित किए जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। इन कार्ड्स पर अंग्रेजी भाषा में घर बैठे शराब उपलब्ध कराने के लुभावने संदेश लिखे थे, जिससे परिसर में मादक पदार्थों की होम डिलीवरी की गंभीर आशंका पैदा हो गई थी। इस घटना से विश्वविद्यालय प्रशासन और स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त था और उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई।गहन जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि देवाशीष विश्वास पुत्र रविन्द्र विश्वास, निवासी ग्राम टैगोर नगर शक्तिफार्म, थाना सितारगंज द्वारा उक्त कार्ड अखबारों में डालकर बांटे गए थे। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 126/135/170 बीएनएसएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह अधिकारी, कांस्टेबल भूपाल सिंह और कांस्टेबल राजेन्द्र कोरंगा शामिल रहे।



# स्मैक और अवैध शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ड्रग फ्री देवभूमि मिशन को सफल बनाने के उद्देश्य से एसएसपी नैनीताल मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस ने नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान हल्द्वानी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में स्मैक और अवैध कच्ची शराब की तस्करी कर रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल और सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता के नेतृत्व में संपन्न हुई।पहली कार्रवाई में पुलिस टीम ने एफटीआई के सामने पुराने खंडहर से सलमान कुरैशी पुत्र मुर्सलीन कुरैशी निवासी नई बस्ती, इंदिरानगर वनभूलपुरा को 7.40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस गिरफ्तारी टीम में मेडिकल चौकी प्रभारी रवीन्द्र राणा और कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी शामिल रहे। दूसरी कार्रवाई में मंडी बाईपास स्थित पीडब्ल्यूडी गेट के पास से भीम सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी अल्मोड़ा हाल निवासी गौरापड़ाव को 58 पाउच माल्टा स्पेशल मसालेदार देशी शराब के साथ पकड़ा गया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इस टीम में मंडी चौकी प्रभारी प्रेम राम विश्वकर्मा और कांस्टेबल ललित मेहरा शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में नशे के सौदागरों के विरुद्ध अभियान और अधिक तेज किया जाएगा








# विपक्ष पर आरोपों से नहीं बचेंगी सरकार की जिम्मेदारियां : आर्य

देहरादून/हल्द्वानी। उत्तराखंड विधानसभा सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी टकराव तेज हो गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाने की राजनीति कर रही है।आर्य ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम जनता से जुड़े सवाल उठाना और सरकार को जवाबदेह बनाना है। जब सरकार ज्वलंत मुद्दों पर जवाब देने से बचती है, तब विपक्ष की आवाज उठना स्वाभाविक है।उन्होंने कहा कि विपक्ष पर दोषारोपण करना आसान है, लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं जैसे कठिन प्रश्नों का समाधान करना सरकार की वास्तविक जिम्मेदारी है।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री से जुड़े लगभग 40 महत्वपूर्ण विभागों के प्रश्नों के उत्तर के लिए भी सदन में तय व्यवस्था का पालन नहीं हो पा रहा है, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली और मंशा पर सवाल खड़े होते हैं।आर्य ने सत्ता पक्ष से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति छोड़कर प्रदेश के विकास, पारदर्शिता और जनसमस्याओं के समाधान पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता की आवाज बनकर मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा।



# हाईवे पर आग लगने से कार हुई खाक

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती कार में अचानक आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया। कार में मौजूद चालक एवं युवक ने कार से कूद कर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में कार से आग की तेज लपटें उठने लगी। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना में पूरी कार जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार नगर के रुद्रपुर मार्ग पर हाईवे स्थित प्रेमदीप मैरिज हॉल के निकट चलती जैन कार संख्या यूके 06 सी ए 7108 में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान कार स्वामी करण कुमार अपने भाई आकाश कुमार के साथ गाड़ी में मौजूद थे। आग लगने के बाद दोनों युवकों ने तुरंत कार से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के चलते कार में आग लगने से पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह के नेतृत्व में फायरमैन दीपक सिंह, फायरमैन भवान सिंह, फायरमैन प्रमोद सोन की टीम दमकल गाड़ी लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। घटना में पूरी गाड़ी जलकर नष्ट हो गई।



# गोली लगने से घायल जूता कारोबारी की हालत गंभीर,रुद्रपुर में किया भर्ती

रुद्रपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हुए शहर के एक जूता कारोबारी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। पहले उन्हें बेहतर उपचार के लिए गुरुग्राम के अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन हालत में अपेक्षित सुधार न होने पर परिजन उन्हें वापस रुद्रपुर ले आए, जहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार जारी है। युवक वेंटिलेटर पर भर्ती है और परिजन उसकी सलामती के लिए दुआएं कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय ध्रुव चावला, जो सिविल लाइन रोड पर पार्टनरशिप में "शू विला" नाम से जूतों की दुकान संचालित करते हैं, गुरुवार रात करीब 10 बजे अपने प्रतिष्ठान में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गोली उनके कनपटी के पास लगी बताई गई है। मौके से एक अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद होने की भी चर्चा है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद उन्हें गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन लंबे उपचार के बाद भी स्थिति में सुधार न होने पर परिजन उन्हें वापस रुद्रपुर ले आए। वर्तमान में उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है। बताया जा रहा है कि ध्रुव अपनी मां के इकलौते पुत्र हैं। बेटे की गंभीर स्थिति से परिवार गहरे सदमे में है। उनकी मां लगातार बेटे की सलामती के लिए प्रार्थना कर रही हैं और परिचितों से दुआ की अपील कर रही हैं।